नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में महिलाओं हेतु नि:शुल्क ओ.पी.डी. शिविर का आयोजन

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिता पुरवार द्वारा परामर्श प्रदान किया गया

दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले

बुरहानपुर/नेपानगर। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में शनिवार को महिलाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए नि:शुल्क ओ.पी.डी.शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल,बुरहानपुर के सहयोग से संपन्न हुआ,जिसमें महिलाओं को प्रसूति एवं स्त्री रोगों से संबंधित नि:शुल्क परामर्श एवं उपचार सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.हर्षिता पुरवार द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का परीक्षण एवं निदान किया गया। साथ ही,नगर पालिका परिषद,नेपानगर के सौजन्य से आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र महिलाओं के लिए कार्ड पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनिल कुमार झंझडीवाल ने बताया नेपा लिमिटेड द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सेवा मूलक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के कल्याण हेतु किया जाता है। इस दौरान सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ.मसूद मशरूवाला,डॉक्टर राजश्री मोरे,स्टाफ नर्स हैरिसन भंडारे,क्रिस्टीना भंडारे,मेट्रन रेमो फ्रांसिस,ड्रेसर नारायण पारवे,फार्मासिस्ट प्रमोद पाटिल सहित समस्त चिकित्सकीय स्टाफ ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक्सप्रेस न्यूज

नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया

नेपानगर। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में शनिवार को महिलाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए नि:शुल्क ओपीडी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिलाओं को प्रसूति एवं स्त्री रोगों से संबंधित नि:शुल्क परामर्श एवं उपचार सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिता पुरवार द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का परीक्षण एवं निदान किया गया। साथ ही नगर पालिका परिषद नेपानगर के द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र महिलाओं के लिए कार्ड पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनिल कुमार झंझडीवाल ने बताया नेपा लिमिटेड द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सेवा मूलक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के कल्याण हेतु किया जाता है। इस दौरान सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ.मसूद मशरूवाला, डॉक्टर राजश्री मोरे, स्टाफनर्स हैरिसन भंडारे, क्रिस्टीना भंडारे, मेट्रन रेमो फ्रांसिस, ड्रेसर नारायण पारवे, फार्मासिस्ट प्रमोद पाटिल सहित समस्त चिकित्सकीय स्टॉफशिविर में मौजूद रहा।

नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में शिविर का आयोजन

नेपानगर. नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में शनिवार को महिलाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए नि:शुल्क ओपीडी शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं को प्रसूति एवं स्त्री रोगों से संबंधित नि:शुल्क परामर्श एवं उपचार सेवाएं प्रदान की गई।

शिविर में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिता पुरवार द्वारा महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का परीक्षण एवं निदान किया गया। साथ ही नगर पालिका परिषद, नेपानगर के सौजन्य से आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र महिलाओं के लिए कार्ड पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल ने बताया नेपा लिमिटेड द्वारा समय.समय पर इस प्रकार के सेवा मूलक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए किया जाता है।

15/06/2025 | burahanpur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/